एक नजर में

संदिग्ध बाइक चोरी की निकली

इंदौर . एमआर-10 चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस को खड़ी एक संदिग्ध बाइक की जांच में वह चोरी की निकली . वाहन का रिकॉर्ड निकालने पर सामने आया कि बाइक की रिपोर्ट बाणगंगा थाने में दर्ज है . रविवार को वीआईपी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक विभाग के सूबेदार अशोक भार्गव एमआर-10 चौराहे पर यातायात प्रबंधन में तैनात थे . इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे एक बाइक को संदिग्ध हालत में खड़ा देखा . नंबर प्लेट के आधार पर वाहन की जानकारी निकाली गई और मालिक से संपर्क किया, तब पता चला कि बाइक बाणगंगा क्षेत्र से कुछ दिन पहले चोरी हो चुकी थी . बाइक की एफआईआर पहले ही थाने में दर्ज थी . सूचना के बाद वाहन को कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित बीट प्रभारी को सौंप दिया .

तेज रफ्तार ट्रक ढाबे में घुसा, बाल-बाल बचे लोग

इंदौर . मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुटा तालाब के पास रविवार को एक बेकाबू ट्रक सड़क किनारे स्थित ढाबे में जा घुसा . गनीमत रही कि हादसे के समय कोई ग्राहक ढाबे के बाहर मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई . हादसे में ढाबे का शेड, दीवार, टेबल-कुर्सियां, पाइप और बर्तन क्षतिग्रस्त हो गए . पुलिस ने फरियादी गजरा पिता श्रीराम की शिकायत पर ट्रक नम्बर आरजे 11 जीसी 1439 के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है . प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चालक तेज रफ्तार में ट्रक चला रहा था, जिससे वह नियंत्रण खो बैठा और सीधा ढाबे में घुस गया . पुलिस मामले की जांच कर रही है .

बस का पहिया युवक के पैर पर चढ़ा

इंदौर . सरवटे बस स्टैंड एक यात्री बस की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया . तेज रफ्तार बस का पहिया उसके पैर पर चढ़ गया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा . घटना में स्नेहलतागंज निवासी कांतिलाल पिता मदनलाल भगत घायल हुआ है . बस नम्बर एमएच 05 एजेड 5055 के चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए पीछे से टक्कर मारी, जिससे कांतिलाल गिर गया और उसके बाएं पैर पर बस का पहिया चढ़ गया . युवक के हाथ में भी चोट आई है . घायल की शिकायत पर छोटी ग्वालटोली पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

श्वान को रौंदा, निगम वाहन चालक पर प्रकरण दर्ज

इंदौर . अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में नगर निगम के एक लोडिंग वाहन ने सड़क पर बैठे श्वान को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई . आरोप है कि वाहन चालक ने जानबूझकर क्रूरता पूर्वक यह हरकत की . घटना के

वीडियो और चश्मदीद बयान के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की . घटना सुबह उमेश नगर, चाणक्यपुरी चौराहे के सामने हुई . पशु संरक्षण संस्था पीपल फॉर एनिमल की जिला अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया कि उन्हें हेमंत चस्कर ने फोन कर श्वान को रौंदे जाने की जानकारी दी और वीडियो भेजा . मौके पर पहुंची प्रियांशु ने मृत श्वान को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय पशु चिकित्सालय छावनी पहुंचाया . वाहन का नंबर एमपी-13 ईबी-2741 है, जिस पर इंदौर नगर पालिका निगम लिखा हुआ था . पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

भाभी ने देवर के सिर पर बोतल दे मारी

इंदौर . लसूड़िया थाना क्षेत्र में पानी भरने को लेकर हुए घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया . गुस्साई महिला ने अपने देवर के सिर पर कांच की बोतल से हमला कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया . पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . निरंजनपुर निवासी छोटू पिता राजू लहरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि रविवार सुबह करीब 8 बजे उसकी भाभी जयमाला से पानी भरने की बात पर कहासुनी हो गई . विवाद बढ़ा तो जयमाला ने उसे गालियां दीं और घर में रखी कांच की बोतल उठाकर सिर पर दे मारी . छोटू के सिर से खून बहने लगा . पीड़ित का कहना है कि हमला करने के बाद आरोपी महिला ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी . पुलिस ने आरोपी भाभी के खिलाफ मारपीट और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है .

नि :शुल्क भव्य नैत्रशिविर का आयोजन

देपालपुर . नगर एवं आसपास के निवासरत नागरिको हेतु, चौईथराम नैत्रालय, जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन एवं भटेवरा परिवार के

संयुक्त तत्वाधान में नगर में स्थित यथार्थ माईल स्टोन एकेडमी, देपालपुर पर आयोजन किया गया, जिसमें शिविर में आये हुए लोगों का नेत्र परीक्षण चौईथराम नैत्रालय के डॉक्टर की टीम द्वारा किया गया . शिविर संयोजक सुरेश देशलहरा एवं अनोखीलाल जैन ने बताया कि 210 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया . 22 मरीजों का मोतियाबिंद के निशुल्क आपरेशन हेतु चौईथराम नैत्रालय अस्पताल जाने हेतु निशुल्क बस सुविधा भी उपलब्ध की गई, जहां पर ऑपरेशन के पूर्व मोतियाबिंद हेतु आवश्यक जांचें भी नि :शुल्क की जाएगी .

नवांकुर सखियों ने पौधे बड़े करने का लिया संकल्प

देपालपुर . मप्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रदेश में पौधे तैयार कर रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार महत्वपूर्ण अवसर पर रोपित करेगा . इस योजना को नवांकुर सखी नाम दिया . योजना में 20 चिन्हित सखी को प्रति महिला को 11 बीज रोपित थैलियां देकर बड़ा करने का संकल्प दिलवाया।

देपालपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामो में महिलाओं की भागीदारी से कलश यात्रा और पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया . मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नवाकुर संस्था से पप्पू परमार, मेंटर गोविंद चौहान, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विजय परमार एवं सचिव शिवम कौशिक और मंदिर के मुख्य पुजारी शंकर गोस्वामी भूरू यादव एवं नगर के वरिष्ठ व्यक्ति उपस्थित रहे . कार्यक्रम वार्ड नंबर 6 रविदास मार्ग से प्रारंभ होकर मंगलेश्वर महादेव मंदिर में जल चढाकर कार्यक्रम किया तथा बीज रोपित थैलियां वितरित की . महिलाओं से संवाद करते हुए . विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विजय परमार एवं सचिव शिवम कौशिक ने नावाकुर सखियों का आभार व्यक्त किया .

रील्स और वाहनों के शौक ने बना दिया वाहन चोर

- एरोड्रम पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- आरोपियों के कब्ज से 13 लाख की 6 बाइक जब्त

नवभारत न्यूज

इंदौर. इंस्टाग्राम पर रील्स बनाने का शौक और तेज रफ्तार बाइक का जुनून इसी शौक को पूरा करने के लिए तीन युवकों ने वाहन चोरी को पेशा बना लिया. एरोड्रम थाना पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपियों के कब्जे से 6 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 13 लाख रुपए आंकी गई है.

डीसीपी जोन-1 विनोद मीणा के निर्देश पर चोरी की बढ़ती वारदातों पर लगाम लगाने के लिए विशेष कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत एडीसीपी आलोक कुमार शर्मा व एसीपी मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में एरोड्रम थाना प्रभारी तरुण सिंह भाटी ने एक विशेष टीम गठित की. पुलिस टीम ने टेक्निकल एनालिसिस और मुखबिर की सूचना के आधार पर धार जिले के टांडा क्षेत्र से तीन आरोपियों 20 वर्षीय जेतु पिता नेतु बामनिया, 20 वर्षीय साहिल पिता समर सिंह अलावा तथा 21 वर्षीय खड़कसिंह पिता उड़न सिंह डावर को गिरफ्तार किया. पुलिस ने अनके पास से चोरी की तीन बाइक जब्त की है. पुलिस ने सभी वाहन बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

अब पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने इन वाहनों का उपयोग और किन-किन घटनाओं में किया. एरोड्रम पुलिस आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी जांच कर रही है.

इंस्टाग्राम पर डालते थे रील

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वाहन चोरी कर उन्हें इंस्टाग्राम पर रील्स में इस्तेमाल करते थे . वे बाइक की नंबर प्लेट बदलकर या गाड़ियों को लावारिस हालत में छोड़ देते थे .

नवविवाहित युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इंदौर . एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक 23 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . युवक हाल ही में विवाह बंधन में बंधा था और एक मैकेनिकल कंपनी में कार्यरत था . आत्महत्या के पीछे कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है .

मृतक की पहचान सुधांशु परमार पुत्र निर्भय सिंह परमार निवासी शुभम पैलेस कॉलोनी के रूप में हुई है . सुधांशु शनिवार शाम करीब 5 बजे ड्यूटी से लौटकर घर आया था और अपने छोटे भाई हिमांशु के साथ नाश्ता करने के बाद कमरे में सोने चला गया . उस वक्त उसकी पत्नी और मां उज्जैन में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं . रात करीब 9 बजे जब पत्नी लौटकर आई और दरवाजा खटखटाया, तो कोई जवाब नहीं मिला . रोशनदान से झांकने पर वह फंदे पर झूलता मिला . उसे तुरंत एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया . परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि सुधांशु किसी भी मानसिक तनाव में नहीं था और उस पर कोई कर्ज भी नहीं था . उसकी शादी दिसंबर 2024 में हुई थी . मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मोबाइल से भी आत्महत्या के कारण का संकेत नहीं मिला . एरोड्रम थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है . परिजनों के बयान और मोबाइल डेटा की बारीकी से जांच के बाद ही खुदकुशी के कारणों पर कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा .

पातालपानी के जंगल में तेंदुए का कहर, बछड़ा बना शिकार

- सुबह वन विभाग को मिली सूचना
- मौके पर पहुंची टीम बाकी हिस्सा घसीट ले गया वन्य पशु

नवभारत न्यूज

इंदौर. महू के पातालपानी जंगल में तेंदुए द्वारा एक बछड़े का शिकार किए जाने की घटना सामने आई है. रविवार सुबह 9 बजे वन विभाग को सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो बछड़े का आधा शव वहां मिला.

वन विभाग अधिकारियों के अनुसार तेंदुआ बछड़े का लगभग आधा हिस्सा खा चुका था, जबकि बाकी हिस्सा संभवत: घसीटकर जंगल की ओर ले गया. मृत बछड़े की पहचान और उसके मालिक का पता लगाने की प्रक्रिया जारी है. ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है. वन विभाग ने गश्त बढ़ाने के संकेत दिए ह

रॉन्ग साइड से आई कार ने ली युवक की जान

इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र के चोरल इलाके में रविवार को रॉन्ग साइड से आई तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान चली गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया.

मृतक की पहचान 20 वर्षीय हुकुम पिता दिनेश निवासी ग्राम खातेगांव, जिला देवास के रूप में हुई है, जो इंदौर में रहकर नौकरी करता था. रविवार को वह अपने साथी मनीष कोठे के साथ बाइक से गांव जा रहा था, तभी चोरल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हुकुम को मृत घोषित कर दिया, मनीष का इलाज जारी है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

बाइक लौटाने के नाम पर बुलाया और चाकू से कर दिया हमला

फाइनेंस कंपनी के तीन रिकवरी एजेंटों ने युवक को किया लहूलुहान

नवभारत न्यूज

इंदौर. तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक फाइनेंस ऑफिस में युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है. आरोप है कि एक निजी फाइनेंस कंपनी से जुड़े रिकवरी एजेंटों ने सीज की गई बाइक लौटाने के बहाने युवक को ऑफिस बुलाया और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद जानलेवा हमला कर दिया. हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.

पीड़ित मुजफ्फर पुत्र अकरम खान निवासी सीआरपी लाइन ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम आकाश वर्मा नामक युवक ने कॉल कर कहा कि उसकी जब्त बाइक एमपी 09 डीके 5286 उसे वापस मिल सकती है, लेकिन इसके बदले 28 हजार रुपए देने होंगे. इस पर मुजफ्फर ने कुछ रकम ऑनलाइन और कुछ नकद में चुकाई. बाद में वह अपने दोस्त हर्ष गोयल के साथ न्यू पलासिया स्थित वेस्टर्न कॉर्पोरेट बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर स्थित फाइनेंस ऑफिस पहुंचा. यहां पहले से मौजूद आकाश वर्मा, मोइन खान और एक अन्य साथी ने बाइक देने से पहले फिर 8 हजार रुपए और मांगे. बात बिगड़ने पर जब मुजफ्फर के दोस्त हर्ष चाबी लेने ऑफिस के अंदर गया, तभी तीनों ने मिलकर मुजफ्फर को पकड़ लिया और उसके सीने व पैर पर चाकू से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल मुजफ्फर को दोस्त ने एमवाय अस्पताल पहुंचाया. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

दौड़ कर दिया संदेश- नशे से दूरी है जरूरी

पुलिस की मैराथन में 2300 से अधिक शहरवासी हुए शामिल

इंदौर. नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंदौर पुलिस ने रविवार सुबह रन फॉर अवेयनेस, रन फॉर लाइफ नाम से जागरूकता मैराथन का आयोजन हुआ. नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई इस दौड़ में युवाओं, बच्चों, महिलाओं समेत शहर के 2362 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे से दूरी है जरुरी का संदेश जन-जन तक पहुँचाया.

मैराथन को एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह और एडिशनल कमिश्नर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने फ्लैग ऑफ किया. दौड़ में 5 किमी नेहरू स्टेडियम से होल्कर कॉलेज होकर वापस और 10 किमी नेहरू स्टेडियम से राजीव गांधी प्रतिमा होकर लौटते हुए की दो श्रेणियाँ रखी गई थीं. कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई. इस मौके पर डीसीपी हंसराज सिंह, डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी, डीसीपी मुख्यालय प्रकाश परिहार, एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा, आलोक शर्मा व राजेश दंडोतिया सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे और खुद भी दौड़ में शामिल होकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया. दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों को एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए.

बारिश में ढह गया होटल का छज्जा, बाल-बाल बचे लोग

- एमजी रोड स्थित होटल सम्मान की ऊपरी मंजिल से अचानक गिरा हिस्सा, बड़ा हादसा टला

इंदौर. लगातार बारिश के बीच सुबह एमजी रोड स्थित होटल सम्मान का ऊपरी हिस्सा भरभराकर गिर गया. गनीमत रही कि हादसे के वक्त न तो नीचे कोई राहगीर था और न ही दुकानों में आवाजाही, जिससे जनहानि टल गई.

होटल के नीचे कई दुकानें स्थित हैं, लेकिन सुबह का समय होने के कारण सभी बंद थीं. अगर यह हादसा दिन के व्यस्त समय में होता तो बड़ी जनहानि हो सकती थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. होटल में उस वक्त कई गेस्ट ठहरे हुए थे, जिन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है. प्रशासन ने ऐहतियातन भवन की जांच कराने की बात कही है.

कार की टक्कर पर विरोध करना पड़ा महंगा, युवती पर ईंट-ब्लॉक से हमला

इंदौर. पाटनीपुरा इलाके में सड़क किनारे खड़ी बाइक को कार से टक्कर मारने के विरोध पर एक युवती को गंभीर हमले का सामना करना पड़ा. युवती पर न केवल गालियों की बौछार की गई, बल्कि ईंट और ब्लॉक से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया.

घटना कपड़ों की दुकान चलाने वाली अंजू उर्फ अनिता के साथ हुई. जब वह अपनी दुकान के बाहर खड़ी बाइक को कार से टक्कर मारने पर कार चालक से उलझी, तो मामला बिगड़ गया. आरोपी मनोज खटके ने पहले गाली-गलौज की, फिर थोड़ी ही देर में सीमा खटके, ऋषि खटके और तनिष्क भी मौके पर पहुंच गए. चारों ने मिलकर अंजू पर ईंट और ब्लॉक के टुकड़ों से हमला किया, जिससे वह घायल हो गई. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

अज्ञात बदमाश ने महिला का पर्स चुराया

इंदौर . क्षिप्रा इलाके में अज्ञात बदमाश ने एक महिला का पर्स चोरी कर लिया, जिसमें नकदी के साथ कई जरूरी दस्तावेज भी थे . दोपहर के समय क्षिप्रा ब्रिज, एबी रोड क्षेत्र में हुई . पीड़िता नीति पति मेजर राहुल रेड्डी, निवासी बागसेवनिया, भोपाल के पर्स में 12 हजार रुपए नकद, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, सीएसडी आर्मी कैंटीन कार्ड और एक पुरानी घड़ी रखी थी . फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . फिलहाल मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है .

सम्या निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक और लोग परेशान

थोड़ी बारिश में सड़कों पर भरा पानी, दावों की खुली पोल

नवभारत न्यूज

इंदौर. पिछले कई वर्षों से यह सुनते आए हैं कि विकास में हम आगे हैं और सारी व्यवस्थाएं की जा चुकी है. लेकिन हर वर्ष बरसात होते ही शहर जलमग्न हो जाता है और नगर निगम की सारी पोल खुलकर आज जनता के सामने आ जाती है.

इस वर्ष प्रदेश भर के कई हिस्सों में भारी बरसात हो रही थी वही इंदौर पूरी तरहा सूखा दिखाई दे रहा था लेकिन शुक्रवार की रात से ही शहर में झमाझम बरसात से सभी के चहरे खिल उठे लेकिन दूसरी तरफ आफतों ने घेर लिया. शानिवार तक हुई बरसात ने शहर भी को डुबो के रख दिया. जहां नगर निगम के आला अधिकारी और क्षेत्रीय पार्षद अपनी योजनाओं में एक बार फिर विफल होते दिखाई दिए. जबकि तकरीबन एक हज़ार पांच सौ करोड़ का निकासी विकास किया गया फिर भी एक घंटे की बरसात में सड़कें तालाब बन जाती है. पानी की निकासी नहीं होने के कारण यह पानी बस्तियों और

मोहल्लों में घुस जाता है. अब तो नौबत यह देखने को मिल रही है कि कहीं वाहन पानी में फंसे, कहीं पानी घरों में भर गया. हम उन्नति की ओर है तो इस व्यवस्था में नगर निगम के इंजीनियर चूक क्यों कर जाते है. गलतियों में करोड़ों खर्च हुए हैं . नाला टेपिंग, सीवरेज कार्य हाने के बाजूद फिर यहां समस्या होनी ही नहीं चाहिए. बरसात में चेंबर ओवर फ्लो होकर सड़कों पर बहता है. आखिर गलती कौन कर रहा है .

- सुनेंद्र सिंह चौधरी

कॉलोनियों में भी सड़कें पानी में डूब रही है. जहां बरसात ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी वहीं विद्युत विभाग के प्रबंधन की भी ध्वस्त हो गई. कई जगह पेड़ों की बड़ी शाखाएं तारों पर गिरी तो कही विद्युत डीपी में फॉल्ट होने से कई क्षेत्रों में घंटे बिजली गुल रही. बड़े दावों के बावजूद चौबीस घंटे आम जनता कई समस्याओं से जूझ रही थी. इन अव्यवस्थाओं पर आम जनता सवाल खड़े कर रही है.

इनका कहना है ...

योजना सटीक होनी चाहिए . साथ ही दो-चार वर्ष आगे की सोच भी ज़रूरी है . तब जाकर शहर की समस्याओं का निराकरण हो पाएगा . वरना हर वर्ष बड़ी योजनाएं बनेगी और आम जनता परेशान होती रहेगी . **- राजेश शर्मा**

सुधार की ज़रूरत है .

- इमरान खान